भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4066

सोमवार, 18 अगस्त, 2025/27 श्रावण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

धाराशिव में पर्यटन का विकास

4066. श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकरः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का महाराष्ट्र के धाराशिव (उस्मानाबाद) जिले में धाराशिव गुफा, नलदुर्ग किला और पवित्र तुलजा भवानी मंदिर (शक्तिपीठ) जैसे प्रमुख ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को प्रमुख पर्यटक आकर्षणों के रूप में विकसित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो बजटीय आवंटन, इस संबंध में निर्धारित समय-सीमा सहित प्रस्तावित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और किन-किन योजनाओं के अंतर्गत उक्त स्थलों का विकास किए जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। यह मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से महाराष्ट्र राज्य सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन करके राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने प्रशाद योजना के अंतर्गत विकास हेतु धाराशिव जिले के तुलजापुर मंदिर स्थल की पहचान की है। पर्यटन परियोजनाओं हेतु वित्तीय सहायता के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जाँच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा धन की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इसके अलावा, महाराष्ट्र के धाराशिव (उस्मानाबाद) जिले में धाराशिव गुफाओं और नलदुर्ग किले के आसपास पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****